कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा/माध्य/अ–4/म. गां./अंग्रेजी माध्यम/2019–20 दिनांकः–14.06.2019

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अग्रेंजी माध्यम) में पदस्थापन हेतु वाक् इन इन्टरव्यू हेतु

विज्ञप्ति

राज्य सरकार के आदेश क्रमांकः प. 04(15)शिक्षा–1/2019 दिनांक 14.06.19 के क्रम में प्रत्येक जिला मुख्यालय अथवा अन्य स्थान पर नवसंचालित एक महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न पदों में पदस्थापन हेतु माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा के अधीन कार्यरत कार्मिकों हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार वाक् इन इन्टरव्यू आयोजित किये जाएंगे। समस्त आवेदक वाक् इन इन्टरव्यू हेतु निर्धारित तिथि को प्रातः 9.30 बजे निर्दिष्ट स्थान में अपने मूल प्रमाण–पत्रों के साथ उपस्थित होंगे।

क्र. स.	पद	वाक् इन इन्टरव्यू की तिथि	निर्दिष्ट स्थान	पदों की संख्या	विशेष विवरण
1	प्रधानाचार्य	20–21.06.2019	माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर (जयपुर,अजमेर,कोटा,पाली एवं उदयपुर मंड़ल हेतु दिनांक 20 जून को शेष मंडल हेतु 21 जून 2019 के)	1 प्रत्येक विद्यालय हेतु	विभाग में कार्यरत प्रधानाचार्य उमावि समकक्ष अधिकारी जो कुशल नेतृत्व कर्ता के साथ–साथ अग्रेंजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष हो को प्राथमिकता दी जायेगी।
2	वरिष्ठ अध्यापक	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 6(विषयवार एक) (अग्रेंजी,गणित, विज्ञान, हिन्दी,संस्कृत, सामाजिक विज्ञान)	वरिष्ठ अध्यापक (सभी विषयों के अग्रेंजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष हो को प्राथमिकता दी जायेगी।)
3	अध्यापक लेवल–2	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 2 (विषयवार अग्रेंजी एवं गणित)	अध्यापक लेवल–2 (सभी विषयों के अग्रेंजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष हो को प्राथमिकता दी जायेगी।)
4	अध्यापक लेवल–1	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 5 (विषयवार यथा सम्भव अग्रेंजी–2 गणित, पर्यावरण एवं हिन्दी)	अध्यापक लेवल–1 (सभी विषयों के अग्रेंजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष हो को प्राथमिकता दी जायेगी।)
5	वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 1	विभाग में कार्यरत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक (अग्रेंजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष हो को प्राथमिकता दी जायेगी।)
6	पुस्तकालयाध्यक्ष	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 1	विभाग में कार्यरत पुस्तकालयाध्यक्ष (अग्रेंजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष हो को प्राथमिकता दी जायेगी।)
7	प्रयोगशाला सहायक	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 1	विभाग में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक (अग्रेंजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष हो को प्राथमिकता दी जायेगी।)
8	कम्प्युटर शिक्षक	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 1	विभाग में कार्यरत अध्यापक (लेवल–1/लेवल–2समकक्ष) जो RSCIT / PGDCA /BCA /MCA अथवा समकक्ष योग्यताधारी हों। (अग्रेंजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष हो को प्राथमिकता दी जायेगी।)
9	वरिष्ठ सहायक	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 1	

10	कनिष्ठ सहायक	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 1	कनिष्ठ सहायक कम कम्प्युटर ऑपरेटर
11	सहायक कर्मचारी	26–27.06.2019	संबंधित जिला मुख्यालय पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान	प्रत्येक विद्यालय में 1	

आवश्यक निर्देश:–

1. उक्त वाक् इन इन्टरव्यू में केवल राज्य के प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत कार्मिक ही आवेदन कर सकते हैं। इन्हें उक्त पदस्थापन के उपरांत कोई प्रतिनियुक्ति भत्ता देय नहीं होगा।
2. प्रधानाचार्य पद हेतु कोई भी अभ्यर्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकता है।
3. अध्यापक लेवल–2 व अध्यापक लेवल–1 के लिए उसी जिले में कार्यरत अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं।
4. वरिष्ठ अध्यापक पद हेतु संबंधित संयुक्त निदेशक कार्यालय के अधीन कार्यरत अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं।
5. इन विद्यालयों हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों वाक् इन इन्टरव्यू हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता/अतिरिक्त अवकाश देय नहीं होगा।

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर